पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



# अगस्त में अनुसांगिक संगठनों से होगा संवाद

**देहरादून।** मिशन 2017 लक्ष्य को लेकर जुटने की बात कहते हुए उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि अगस्त माह में वे कांग्रेस के आनुसांगिक संगठनों से संवाद करेंगे। कहा कि अगले कुछ दिनों तक वे प्रदेश का भ्रमण करेंगे और उसके बाद स्थितियों का आंकलन कर कार्यकारिणी घोषित की जायेगी।

आज पत्रकारो से वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2002 की तरह ही 2017 में बहुमत हासिल करने के लक्ष्य को लेकर कांग्रेस अपनी गतिविधियों को प्रदेश के अंदर

**□मिशन 2017 लक्ष्य को लेकर जुटेगी कांग्रेस : किशोर**

संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जनता का पूरा सहयोग कांग्रेस को मिले, इसके लिए अभी से कार्यकर्ताओं को साथ लेकर धरातल पर काम किया जाएगा। उन्होंने मिशन 2017 को लेकर अभी से प्रदेश का दौरा करने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर जो कमेटी गठित होती है उनमें जिस तरह से शिथिलता आ रही है, उसको दूर करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन



भावनाओं को लेकर राज्यवासियों ने लड़ाई लड़ी और राज्य का गठन किया गया उसकी रक्षा करना कांग्रेस का दायित्व है, जिसके लिए वे हरसंभव कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के दौरान वे कांग्रेस के आनुसांगिक संगठनों से संवाद करेंगे, जिनमें महिला प्रकोष्ठ, छात्र संगठन, युवा कांग्रेस, सेवादल के साथ बैठक की जायेगी, जिसके लिए स्थान का चयन भी शीघ्र कर लिया जायेगा। इसके बाद ही प्रदेश कार्यकारिणी पर निर्णय लिया जायेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों तक वे प्रदेश का भ्रमण करेंगे और उसके बाद स्थितियों का आंकलन कर कार्यकारिणी घोषित की जायेगी। कार्यकारिणी में कर्मठ और जिम्मेदार लोगों को जगह दी जायेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।




# हर्षोल्लास के साथ मना ईद-उल-फितर

**देहरादून।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दून में ईद-उल-फितर खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नमाजियों ने ईदगाह सहित शहर की अन्य मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अता की गयी। इस मौके पर पूरे दिन शहर में ईद का उल्लास दिखायी दिया।

सुबह चकराता रोड स्थित ईदगाह में दस बजे नमाज अता की गयी। यहां पर बड़ी संख्या में नमाजी एकत्र हुए और उन्होंने देश में खुशियों, शांति व बरकत की दुआ की। इसके अलावा भारूवाला मस्जिद में सुबह नौ बजे, मोरोवाला में सुबह नौ बजे, मक्का मस्जिद भण्डारी बाग में सवा नौ बजे, आजाद कॉलोनी मस्जिद में साढ़े आठ बजे, लोहियानगर रजा मस्जिद में साढ़े नौ बजे, मदरसा किशनपुर में सवा नौ बजे, कांवली ग्राम मस्जिद, ईदगाह माजरा, धामावाला मस्जिद व पल्टन बाजार मस्जिद में सुबह नौ व साढ़े नौ बजे नमाज अता की गयी। नमाज अता करने के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। बधाई देने का सिलसिला सायं तक चलता रहा। उधर नमाज स्थलों की ओर से रूट भी डायवर्ट रहा जिसके चलते कम ही वाहन सड़कों पर नजर आये। वहीं सहारनपुर की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती हुई थी। बीती रात से ही नमाज स्थलों के

**□देश में खुशियों, शांति व बरकत की दुआ की**

बाहर सशस्त्र पुलिस कर्मी तैनात कर दिये गये थे जिससे कि शरारती तत्व किसी तरह की अराजकता न फैला सकें। सुबह एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल नमाज स्थलों के बाहर तैनात था। शहर में आठ बैरियर बनाये गये थे जहां पीएसी को तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों को भी हर स्थिति पर नजर रखने के आदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये थे।


राज्यपाल को ईद की बधाई देते विधानसभा अध्यक्ष व मुख्यमंत्री।


नमाज अता करते नमाजी।

# राज्यपाल ने मांगी अमन चैन की दुआ

**देहरादून।** ईद के मुबारक अवसर पर आज उत्तराखण्ड के राज्यपाल डा0 अज़ीज़ कुरैशी ने देश एवं प्रदेश के सभी नागरिको को ईद की शुभकामना एवं बधाई देते हुए अपील की कि देश एवं राज्य की तरक्की, अमन-चैन के लिए आपसी सद्भाव व भाईचारे की भावना से समाज में ऐसा वातावरण निर्मित करे कि समाज में अलगाव और नफरत फैलाने वाले शरारती तत्वों के नापाक इरादे पूरी तरह समाप्त हो जाएं।

राज्यपाल ने आज प्रातः ई.सी.रोड स्थित ईदगाह जाकर नमाज़ अता करके देश व राज्य के सभी नागरिकों की खुशहाली तथा अमन-चैन की दुआ मांगी। ईद के अवसर पर कई विशिष्ट महानुभावों एवं जन सामान्य ने राजभवन पहुॅचकर राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आगन्तुक अतिविशिष्ट अतिथियों में राज्य के विधान सभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, मुख्यमंत्री श्री हरीश

**□महानुभावों ने दी ईद-उल-फितर की बधाई**

रावत ने राजभवन पहुॅच कर राज्यपाल को ईंद-उल-फितर की बधाईं व शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुभाष कुमार , लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड के अध्यक्ष पी.के. जोशी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एस.के भगत (डी.जी.), आई.जी इंटेलीजेंस श्री गोस्वामी, एस.एस.पी. देहरादून, राज्यपाल के सांस्कृतिक सलाहाकार श्री ए.बी.लाल सहित अनेक लोगो ने राज्यपाल को बधाईं दी। इससे पूर्व सचिव राज्यपाल अरूण ढौड़ियाल, अपर सचिव डा0 निधि पाण्डे, वित्त नियंत्रक श्रीमती पूनम, राज्यपाल के परिसहाय डा0 वाई.एस.रावत एवं मेजर चौधरी सहित राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राजभवन पहुॅचकर राज्यपाल को बधाईं एवं शुभकामनाएं दी।

## समाचार सार

### पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षकों ने किया अनशन शुरू

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षकों ने मंगलवार से अपना अनशन शुरू कर दिया है। परेड ग्राउण्ड इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि सरकार उपचुनाव में जीत के बाद अपने विजय जुलूस में ही व्यस्त है। लेकिन सरकार को धरने पर बैठे शिक्षको की कोई सुध नही है। पिछले चार दिनों से धरने पर बैठै शिक्षको की समस्याओं और मांगों के संबध में शासन प्रशासन मौन है। जिस कारण दर्शन कारियों ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर मौन जुलूस निकाला और अपनी मांगों के लिए अनशन का सहारा लेना पड रहा है। इस अवसर पर खगेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्रपाठक, आशीष सेमवाल, महेश पाल,पूरन सिंह स्वाति, निधि, दिव्या, सिमरन,कविता, मुनीर, अरूण कुमार, कविताभण्डारी, जयवीर, सुमित कुमार, अंजलि समेत अन्य संविदा शिक्षक मौजूद रहे।

### उक्रांद की बैठक 30 को

**देहरादून।** उत्तराखण्ड क्रांति दल के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक 30 जुलाई को हरिद्वार रोड़ स्थित कार्यालय में बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, खनन माफियाओं का बढ़ता दबाव, आपदा पीड़ितों को अब तक राहत न पहुंचाने, गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने और दल के संगठन को मजबूती प्रदान करने आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में 2 अक्टूबर से प्रारम्भ की जा रही क्षमा यात्रा के स्वरूप व कार्यक्रम पर गहन विचार विमर्श किया जायेगा।

### बैठक की तिथि तय

**देहरादून।** नगर निगम कार्यकारिणी बैठक की तिथियों को तय कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 30 और 31 जुलाई को आहूत की गयी है। बैठक में बैक्स मयूटेंशन और नामांतरण संबधी मामलों का समाधान किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से कार्यकारिणी बैठक में अपने अपने मामलें शामिल करवाने के लिय लोग नगर निगम के चक्कर काट रहे है। उधर नेता प्रतिपक्ष नीनू सहगल ने कहा कि कार्यकारिणी बैठक के बाद अगस्त के पहले सप्ताह में बोर्ड बैठक होगी। इसको लेकर भी तैयारिंया चल रही है।

### युवक ने की आत्महत्या

**देहरादून। संवाददाता**

डालनवाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने बिल्डिंग की छत से छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आत्महत्या के कारणों का कुछ पता नहीं लग सका है। बता दे कि डालनवाला क्षेत्र के अंतगर्त दिलाराम चौक के पास वन विभाग का कार्यालय है। पुलिस को वहीं के लोगों ने सूचना दी कि एक युवक ने छलांग लगा दी है। जिससें मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुची और शव की शिनाख्त की जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पास के लोगो से पूछताछ से पुलिस ने बताया कि युवक डेलीवेज में वहीं नौकरी करता था। कुछ दिन पहले ही उसने वहां से नौकरी छोड़ दी थी। लेकिन अचानक उसका शव बिल्डिंग के नीचे देख लोग सकते में हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। मृतक युवक की पहचान तरूण उम्र 25 ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड़ का बताया जा रहा है। वहीं अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। युवक की मौत के बाद से उसके घर में मातम पसरा हुआ है।

## ईमेल आईडी हैक कर बदनाम करने की कोशिश

**देहरादून। संवाददाता**

पटेलनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपने पति जिसके साथ उसका तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है पर आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसकी आईडी हक कर गलत मैसेज भेजकर उसे बदनाम करने की कोशिश की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला पहले ही थाना पटेल नगर में दर्ज था। लेकिन अब इसे कोतवाली थाने को भेज दिया गया है।

बता दे कि अदीति निवासी कश्मीरी कालोनी पटेलनगर का विवाह कुछ समय पहले मनु गोयल के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही दोनों के विचार एक दूसरे से नहीं मिल सकें। जिसके चलते दोनों के बीच तलाक का केस कोर्ट मे चल रहा है। इसी दौरान पति मनु गोयल ने पत्नी अदीति की ईमेल आईडी को हैक कर लिया। जिससें उसने गलत मैसेज भेजकर पत्नी को बदनाम करने की कोशिश की। जब पत्नी को इस बात का पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पति पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलें की पड़ताल कर रहीं है। बता दे कि मामला महिला से जुड़ा होने के कारण उसका खुलासा होने का पुलिस पर लगातार दबाव बन रहा था। जिसके चलते मामलें को पटेलनगर थाने से कोतवाली को भेज दिया गया है।

## ईद के माहौल में पुलिस ने कसी कमर

**देहरादून। संवाददाता**

कुछ दिन पहले कोर्ट का फैसला एक धर्म के लोगों के पक्ष में आने के बाद यूपी के सहारनपुर में दो धर्मो के लोगों के बीच जमकर उपद्र हुआ था। जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। साथ ही दो लोग व दो पुलिसकर्मियों की मौत भी हो गई थी। वहीं इस घटना से पूरे देश में अराजकता का माहौल हो गया था। जिसके बाद कानपुर में भी दंगें भड़के थे। लेकिन पुलिस ने घटना पर काबू पा लिया था। जिसको देखते हुए दून व हरिद्वार में भी अलर्ट जारी कर दिया गया था। बता दे कि विवाद दो धर्मों के बीच होने की वजह से पुलिस को खासा

**□संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम**

मशक्कत करनी पड़ी। जिसको लेकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। वहीं पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम कर रखें थे। वहीं मस्जिदों के पास भी पुलिस दिन भर मुस्तैद रहीं जिससें किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न भड़क उठे। लोगो ने बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ ईद की नमाज अदा की व एक दूसरे के गले लगकर ईद की बधाई देते हुए देश में चैन व अमन की दुआ की है।

## सीडी का किया विमोचन

**देहरादून।** प्रसिद्ध लोक गायक प्रीतम भरतवाण की 'नंदा देवी का जागर व गीत' सीडी का मंगलवार को विमोचन प्रमुख वन संरक्षक आरबीएस रावत ने किया।

एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडी का विमोचन करने के बाद प्रमुख वन संरक्षक आरबीएस रावत ने कहा कि कहा कि जागर विधा उत्तराखंड का गर्व है। उन्होंने कहा कि नंदा देवी का जागर और गीत सीडी का विमोचन करते हुए वे अपने को गौर वांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सीडी के गायक और जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण के उज्जवल भविष्य की कामना की। जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण ने कहा कि 'नंदा देवी का जागर की विधा को आगे बढ़ाएगी यह जागर


सीडी का विमोचन करते अतिथिगण।

**□'नंदा देवी का जागर' की विधा को बढ़ाएगी आगे**

और गीत ' सीडी में अब तक उनके द्वारा गाए सभी जागर और गीत हैं। उन्होंने बताया कई लोगों ने डिमांड की थी कि वे अपने जागर और गीत का एक कलेक्शन तैयार करें। तभी उन्होंने यह सीडी निकाली हे। उन्होंने कहा कि सीडी में कुल 27 जागर और गीत हैं। इस मौके पर नंद किशोर हटवाल, नंद किशोर नौटियाल, बसंती बिष्ट, भुवन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जेवरात व नकदी लेकर चोर फरार

**देहरादून। संवाददाता**

राजधानी दून के बाद अब तीर्थनगरी ऋषिकेश भी अपराध की आगोश में खोती दिख रही है। कहीं शराब तस्करी तो कहीं लूट, चोरी, हत्या के मामलें सामने आने से तीर्थनगरी का चैन व सुकून खोता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जिसमें चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ तिजोरी में रखें जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दे कि अजयधीर निवासी हरिद्वार रोड़ अपने किसी रिश्तेदार के घर गए हुए थे। इसी दौरान कुछ चोरों ने उनके घर पर धावा

**□पीड़ित की शिकायत पर किया मुकदमा दर्ज**

बोल दिया। उन्होंने पहले बरांदे पर लगा ग्रिल काटा उसके बाद चोरों ने घर का ताला तोड़ तिजोरी में रखें जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जब पड़ोसियों ने ग्रिल को कटा हुआ देखा। तो उन्होंने घर के मालिक को इसकी सूचना दी। सूचना पर अजयधीर आनन-फानन में घर पहुंचे तो घर का सारा सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था। इन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। लेकिन वहां से पुलिस को



आरोपियों तक पहुंचने का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने अजयधीर की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामलें की पड़ताल शुरू कर दी है।

## वाहन ले फरार हुआ चोर

**देहरादून। संवाददाता**

ऋषिकेश थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने वाहन चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस फरार चोर की तलाश कर रहीं है। ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक का वाहन तब चोरी हो गया जब वो सरकारी अस्पताल गेट के पास वाहन को खड़ा कर कुछ जरूरी काम से गया था। पुलिस को दी शिकायत में विपिन पोखरियाल निवासी चीनी गोदाम ढालवाला ऋषिकेश ने बताया कि मैने सरकारी अस्पताल के बाहर अपनी बाईक वाहन संख्या यूके07एवाई0844 को खड़ा किया था। जब मैं वापस लौटा तो वाहन गायब था।

## दो महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून। संवाददाता**

दून के बाद अब तीर्थ नगरी भी लगातार शराब तस्करों के निशाने पर है। इसी काम में पुरूषों के साथ ही महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। पुलिस ने दो महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। ऋषिकेश थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसिल ने दो महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जें से अवैध देशी शराब बरामद की गई है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बता दे कि पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक दुर्गा मंदिर के पास शराब की तस्कर के लिए आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस फौरान हरकत में आ गई। जैसे ही तस्कर बताये हुए

**□तलाशी में करीब 100 पव्वें देशी शराब बरामद**

स्थान पर पहुंचे पुलिस ने उन्हें धर दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से करीब 100 पव्वें देशी शराब के बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान संतोष पत्नी राजेश निवासी झुग्गी झोपड़ी व छोटी पत्नी दीपक निवासी नई जाटव बस्ती ऋषिकेश के रूप में दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोप तस्कर पहले भी इसी काम के चलते कई बार जेल जा चुकी हैं। पुलिस ने महिला तस्करों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा पेज थ्री प्रेस,जाखन जोहड़ी रोड,
पो.ओ. राजपुर, देहरादून से मुद्रित व प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।